NAYA INDIA DELHI

नया इंडिया

क्रिसमस, नए साल की बुकिंग रद्द होने से होटल क्षेत्र को 200 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, भाषा। कोरोना वायरस के कारण शादी समारोह के साथ-साथ क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए बुकिंग रद्द होने से होटल, रेस्तरां एवं अन्य संबंधित क्षेत्र को 200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के नए मामलों में वृद्धि के साथ उसकी रोकथाम के लिये विभिन्न राज्यों में पाबंदियां लगने से अनिश्चितता बढ़ी है। इससे उद्योग को डर है कि सरकार के समर्थन के बिना उन्हें अपने काम-धंधे फिर बंद करने पड़ेंगे। एचआरएआई के संयुक्त मानद सचिव प्रदीप शेट्टी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ?नए साल के आस पास बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना था। अब शादियों का सीजन है और यह रद्द हो गई है। नए वर्ष और क्रिसमस के आस-आस समारोह तथा कार्यक्रमों के रद्द होने की वजह से उद्योग को अबतक करीब 200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने ओमीक्रोन के नए स्वरूप के प्रभाव को लेकर कहा पिछले वर्ष 25 दिसंबर के बाद से शहर के होटल कमरों के उपयोग और शुल्क में भारी गिरावट आई है।